Regarding problems faced by Buddhists

**श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) :** माननीय सभापति जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र धौरहरा सहित उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में परम पूज्य बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर और तथागत गौतम बुद्ध को मानने वाले लोग रहते हैं।

ग्रामीण इलाकों में बुद्ध कथा का जो आयोजन होता है, उसके लिए तमाम प्रशासनिक अड़चनें डाली जाती हैं। हमारी आपसे मांग है कि बुद्ध कथा के आयोजन और साथ ही साथ मिलाद के आयोजन में परमिशन की जरूरत न पड़े। उसके लिए परमिशन लेने की जरूरत न पड़े। जिस तरह कथा भागवत में कोई परमिशन की जरूरत नहीं होती है, तो फिर बुद्ध कथा और मिलाद के आयोजन में क्यों परमिशन की जरूरत होती है? हमारी आपसे मांग है कि इसे परमिशन मुक्त करने का काम किया जाए।